(c) Shri P. K. Seth and Shri A. Banerji in the Deptt. of Education, Shift I>. Sengupta in the Deptt. of Culture and Shri O. P. Sharvar in -the Deptt. of Heavy Industry have completed 3 years as Deputy Secretaries.

(d) There is no, such proposal.

(e) Does not arise.

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई० आर० डी० पी०) के अंतर्गत मध्यप्रदेश को आवंटित की गई धनराशि

2425. **श्री दिलीप सिंह जूदेव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश को जिला-वार कितनी-कितनी धनराशि आवंटित की गई ;

(ख) उक्त अवधि के दौरान जिला-वार कितने परिवार लाभान्वित हुए ;

(ग) क्या इस कार्यक्रम के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है ;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो इस संबंध में क्या कदम उठाये गए हैं या उठाये जाने का विचार है ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य प्रदेश को गत तीन वर्षों के दौरान किए गए जिलावार आवंटन विवरण में दर्शाए गए हैं । **(नीचे देखिए)**

(ख) इस मंत्रालय द्वारा लाभार्थी परिवारों की जिलावार संख्या की निगरानी नहीं की जाती है । तथापि राज्य में लाभार्थी परिवारों की कुल संख्या अनुबंध–2 में दर्शाई गई है ।

(ग) से (ङ) मध्य प्रदेश में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के लिए निर्धारित वित्तीय एवं भौतिक लक्ष्य तथा इनकी उपलब्धि अनुपत्र में दर्शाई गई है । [देखिए परिशिष्ट 171, अनपत्र संख्या 37] जैसा कि इस अनबंध से देखा जा सकता है, 1991–92 और 1992–93 में भौतिक और वित्तीय लक्ष्य दोनों की उपलब्धि गत-प्रतिशत से अधिक थी । तथापि, 1993–94 के दौरान उपलब्धि लक्ष्यों से थोड़ी सी कम रही । गत वर्ष के दौरान लक्ष्यों की भी उपलब्धि का एक कारण कम बैंक ऋण जुटाना था । भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को अग निर्देश दिए है कि वे कमजोर क्षेत्रीय बैंकों वाणिज्यिक बैंकों की तामित शाखाओं के सेवा क्षेत्र में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए लाभार्थियों को वित्तीय सहायता दे सकते हैं ।

विवरण

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत मध्य देश राज्य को 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान आवंटित जिलेवार निधियां

(लाख रुपये में)

क्रमांक	जिले	1991–92	1992–93	1993–94
1.	बिलासपुर	373.94	352.52	575.86
2.	बस्तर	478.64	451.20	746.48
4.	भोपाल	21.92	28.20	42.66
4.	भिण्ड	89.75	84.60	138.63
	छिन्दवाडा	163.54	155.12	266

क्रमांक	जिले	1991-92	1992-93	1993-94
6.	दतिया	29.92	28.20	42.66
7.	देवास	89.73	84.60	138.63
8.	धार	194.45	183.32	298.59
9.	दुर्ग	179.49	169.20	287.93
10.	ग्वालियर	74.79	70.52	117.30
11.	होशंगाबाद	149.58	141.00	234.61
12.	इन्दौर	59.83	56.40	85.31
13.	झबुआ	179.49	169.20	298.59
14.	खण्डवा	134.62	126.92	213.28
15.	खारगांव	239.32	225.60	373.24
16.	मंदसौर	119.66	112.80	181.29
17.	पन्ना	74.79	70.52	117.30
18.	जबलपुर	194.45	183.30	298.59
19.	राजगढ़	89.75	84.60	138.63
20.	रीवा	134.62	126.92	213.28
21.	रतलाम	89.75	84.60	138.63
22.	सागर	164.54	155.00	266.60
23.	सतना	119.66	112.80	181.29
24.	शाहडोल	179.49	169.20	277.26
25.	शिवपुरी	119.66	112.80	181.29
26.	टिकमगढ़	89.75	84.60	138.63
27.	विदिशा	104.70	98.72	159.96
28.	बालघाट	149.58	141.00	234.6
29.	बेतूल	149.58	141.00	234.61
30.	छतरपुर	119.66	112.80	181.29
31.	दमोह	104.70	98.72	159.96
32.	गुना	134.62	126.90	202.62
33.	मुरैना	149.58	141.00	234.61
34.	सिहोर	74.79	70.52	117.30
35.	सिवानी	119.66	112.80	181.29
36.	राजनन्द गांव	174.49	169.20	277.26
37.	नरसिंहपुर	89.75	84.60	138.68
38.	रायसेन	104.70	98.70	159.96
39.	सिधी	119.66	112.80	181.29

क्रमांक	जिले			
		1991-92	1992-93	1993-94
40.	सरगुजा	258.98	338.40	565.19
41.	रायगढ़	254.28	239.70	394.57
42.	रायपुर	358.98	338.40	554.53
43.	शाहजापुर	119.66	112.80	181.29
44.	उज्जैन	89.75	84.60	138.63
45.	मांडला	239.32	225.60	373.24-
	योग :	6865.57	6472.00	10664.00

राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन

2426. **श्री चिमनभाई हरिभाई शुक्ल :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन के अंतर्गत गुजरात के साधनहीन गांवों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित लक्ष्य की तुलन में अब तक क्या परिणाम प्राप्त हुए हैं ;

(ख) क्या इस योजना में कतिपय त्रुटियां सरकार के ध्यान में आयी हैं ; और

(ग) यदि हां, तो इन त्रुटियों पर काबू पाने हेतु क्या कदम उठाये गए हैं ?

ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तमभाई पटेल) : (क) 31-3-94 की स्थिति के अनुसार वर्ष 1985 के सर्वेक्षण द्वारा पता लगाये गये 4911 समस्याग्रस्त गांवों में से 4902 गांवों में स्वच्छ पेयजल का एक अथवा एक से अधिक जल स्रोत उपलब्ध कराया गया है । शेष 9 समस्याग्रस्त गांवों को 1994-95 के अंत तक कवर कर लिये जाने की संभावना है ।

राजीव गांधी राष्ट्रीय पेयजल मिशन के अंतर्गत गुजरात के गांवों में पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए लक्ष्य और उपलब्धियां निम्नलिखित थीं ।

वर्ष	लक्ष्य	उपलब्धि
1992-93	500 गांव	456 गांव
1993-94	500 गांव	458 गांव
1994-95	1500 बसावटें	68 गांव (6/94 तक)

आठवीं पंचवर्षीय योजना के शेष 2 वर्षों के लिये लक्ष्यों के निर्णय इन वर्षों के लिये निर्धारित परिव्यय के आधार पर लिये जायेंगे ।

(ख) गांवों तक पहुंच न होने तथा सिंचाई प्रयोजन हेतु भूजल की अत्यधिक निकासी के कारण कई क्षेत्रों में जल स्रोतों के सूख जाने की वजह से कवरेज की प्रगति संतोषजनक नहीं रही है ।

(ग) इन कमियों को दूर करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाये गये हैं :—

—ब्लाक स्तर तक का ब्यौरा जानने के लिए कार्यक्रम निगरानी प्रणाली संशोधित की गई है ।